Daily Current Affairs 11 November 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 9 नवंबर को मनाया गया उत्तराखंड का 22वाँ स्थापना दिवस
• 09 नवंबर, 2022 को उत्तराखंड का 22वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। उत्तराखंड का गठन 9 नवंबर, 2000 को भारत के 27वें राज्य के रूप में किया गया था। वर्तमान उत्तराखंड राज्य पहले आगरा और अवध संयुक्त प्रांत का हिस्सा था। यह प्रांत वर्ष 1902 में अस्तित्त्व में आया था और बाद में वर्ष 1935 में इसे संक्षेप में केवल संयुक्त प्रांत कहा जाने लगा।

2. 12 से 16 नवंबर के बीच लॉन्च होगा भारत का पहला निजी क्षेत्र का रॉकेट विक्रम-एस
• भारत का पहला निजी तौर पर विकसित रॉकेट 'विक्रम-S' 12 नवंबर से 16 नवंबर, 2022 के बीच लॉन्च के लिए तैयार है। रॉकेट को श्रीहरिकोटा में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के लॉन्चपैड से लॉन्च किया जाएगा। अंतिम लॉन्च की तारीख मौसम की स्थिति के आधार पर तय की जाएगी।
• इस मिशन के साथ 'स्काईरूट एयरोस्पेस' अंतरिक्ष में रॉकेट लॉन्च करने वाली भारत की पहली निजी अंतरिक्ष कंपनी बन जाएगी। जून 2020 में निजी उद्योग की भागीदारी के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र को शुरू करने के बाद से यह अपनी तरह का पहला प्रक्षेपण होगा।

3. उत्तराखंड को फिर मिली राष्ट्रीय शीत खेलों की मेज़बानी
• एक बार फिर राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों की मेज़बानी उत्तराखंड को मिली है, जिनका आयोजन चमोली के औली में 2 से 5 फरवरी, 2023 तक किया जाएगा। राज्य में राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों के आयोजन के अलावा यहाँ अंतर्राष्ट्रीय स्की महासंघ द्वारा 'हिमालयन ट्रॉफी' का आयोजन भी किया जाएगा। राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों में उत्तराखंड समेत विभिन्न राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी।

4. राज्यभर में सोने की एक समान कीमत लागू करने वाला पहला राज्य बना केरल
• बैंक दर के आधार पर सोने का एक समान कीमत कारोबार शुरू करने वाला केरल भारत का पहला राज्य बन गया है। देश की सबसे बड़ी सोने और हीरे की खुदरा श्रृंखलाओं में से एक मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के अधिकारियों और ऑल केरल गोल्ड एंड सिल्वर मर्चेंट्स एसोसिएशन के प्रमुख सदस्यों के बीच एक बैठक में 916 शुद्धता वाले 22 कैरेट सोने का मूल्य एक समान रखने का निर्णय लिया गया है।

5. आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए चंद्रपाल, चार्लोट और अब्दुल कादिर
• हाल ही में अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में तीन और दिग्गज खिलाड़ियों को जगह दी है। वेस्टइंडीज के शिवनरायण चंद्रपाल, पाकिस्तान के अब्दुल कादिर और इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स को यह सम्मान दिया गया है। शिवनरायण चंद्रपाल यह सम्मान हासिल करने वाले 107वें, चार्लोट एडवर्ड्स 108वीं और अब्दुल कादिर 109वें खिलाड़ी हैं। टी20 विश्व कप में सेमीफाइल मैच से पहले एक खास समारोह में इन तीनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

6. अमेरिका के इतिहास में पहली लेस्बियन गवर्नर चुनी गईं मौरा हेली
• अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में डेमोक्रेट मौरा हेली को मैसाचुसेट्स का गवर्नर चुना गया है। वह अमेरिकी इतिहास में गवर्नर पद तक पहुंचने वाली पहली लेस्बियन महिला बन गई हैं। उन्होंने सार्वजनिक तौर पर लेस्बियन उम्मीदवार के तौर पर प्रचार किया था। मौरा ने रिपब्लिकन पार्टी के जियॉफ डियाल की जगह ली है।मौरा हेली की जीत के साथ ही मैसाचुसेट्स में आठ साल के बाद कोई डेमोक्रेट गवर्नर की कुर्सी पर बैठने जा रहा है। इससे पहले रिपब्लिकन के चार्ली बेकर मैसाचुसेट्स के गवर्नर थे।

Resultuniraj.co.in

Daily Current Affairs 11 November 2022

7. दो साल बाद मणिपुर में मनाया जाएगा संगाई महोत्सव
• 21 से 30 नवंबर, 2022 तक मणिपुर में संगाई महोत्सव मनाया जाएगा। इस उत्सव का नाम मणिपुर के राज्य पशु अर्थात संगाई के नाम पर रखा गया है। यह उत्सव वर्ष 2010 में शुरू किया गया था। भूटान, मिस्र, कंबोडिया, मालदीव जैसे देश भी इस त्योहार में भाग लेते हैं।

8. डॉ. सुभाष बाबू अमेरिका में बेली के. एशफोर्ड मेडल से सम्मानित पहले भारतीय वैज्ञानिक बने
• हाल ही में भारतीय चिकित्सक और वैज्ञानिक डॉ. सुभाष बाबू को उनके अनुकरणीय शोध कार्य और उष्णकटिबंधीय चिकित्सा में योगदान के लिए प्रतिष्ठित बेली के. एशफोर्ड मेडल और अमेरिकन सोसाइटी ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड हाइजीन (FASTMH) के 2022 फेलो पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
• 82 साल के इतिहास में यह पुरस्कार किसी भारतीय वैज्ञानिक को या किसी भारतीय संस्थान में किए गए कार्य के लिए पहले कभी नहीं दिया गया है। अमेरिकन सोसाइटी ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड हाइजीन उष्णकटिबंधीय चिकित्सा में दुनिया का सबसे बड़ा वैज्ञानिक संगठन है.

9. भारत मिस्र में पांच देशों के मैंग्रोव एलायंस फॉर क्लाइमेट में हुआ शामिल
• हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया ने दुनिया भर में मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण और बहाली के लिए संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन COP27 से इतर 'मैंग्रोव एलायंस फॉर क्लाइमेट' (MAC) की शुरुआत की है। भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान, स्पेन और श्रीलंका भी इस गठबंधन में शामिल हो गए हैं।केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने 'मैंग्रोव एलायंस फॉर क्लाइमेट' की शुरुआत पर कहा है कि भारत ने लगभग पांच दशकों से मैंग्रोव बहाली में विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया है और वह अपने अनुभव के कारण वैश्विक ज्ञान आधार में योगदान कर सकता है।

10. केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने पूरा किया 'मदर टंग सर्वे ऑफ इंडिया'
• हाल ही में केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने 'मदर टंग सर्वे ऑफ इंडिया' (MTSI) को पूरा किया जिसके तहत देश की 576 भाषाओं की फील्ड वीडियोग्राफी की गयी। गृह मंत्रालय की 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि देश की मातृभाषा को संरक्षण प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) में एक वेब-संग्रह स्थापित करने की योजना भी बनाई गई है।

Resultuniraj.co.in